## सार-समाचार

### कोटा-बूंदी दुग्ध डेयरी ने उपलब्ध करवाई निःशुल्क बीएमसी की सौगात

**कोटा,** (निसं)। कोटा सरस डेयरी से जुड़ी समितियों के प्रोत्साहन व उनकी उन्नति के लिए कोटा-बूंदी दूध उत्पादक संघ सदैव प्रत्यनशील रहता है। समितियों को प्रोत्साहित करने के लिए सरकारी योजनाओं और संघ के माध्यम से विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाया जाता है। यह बात कोटा-बूंदी दूध उत्पादक संघ के अध्यक्ष चैन सिंह राठौड़ ने भूरा का झोपड़ा व मालियों का बरड़ा दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति निःशुल्क बल्क मिल्क कूलर की उद्घाटन समारोह में कही। राठौड़ इस अवसर पर ग्राम सरसपुरिया, मालियों का बरड़ा, भूरा का झोपड़ा, सलावलिया, रघुनाथपुरा, रामपुरिया दुग्ध उत्पादक समितियों का दौरा किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कोटा सरस डेयरी चेयरमैन चौन सिंह राठौड़ रहे। अध्यक्ष चैन सिंह राठौड़ के प्रयासों से निःशुल्क बल्क मिल्क कूलर की सौगात मिली। रामपुरिया समिति में 8 हस्थ चलीत कुटी की मशीन व दो नई बीएमसी खोलना की घोषणा की। सहकारी गोपाल क्रेडिट कार्ड योजना-मुख्य अतिथ अध्यक्ष चैनसिंह राठोड़ ने पशुपालकों को राजस्थान सहकारी गोपाल क्रेडिट कार्ड ऋण योजना" से किसान परिवारों को आर्थिक सहायता प्रदान प्राप्त करने की अपील की। उन्होने बताया कि योजना के तहत किसानों को एक लाख रुपये तक का अल्पकालीन ब्याज मुक्त ऋण दिया जाएगा, जिसकी अवधि एक वर्ष की होगी। एमडी दिलखुश मीणा ने सरस के साथी बन कर शुद्ध दुग्ध समय पर उपलब्ध करवाने की बात मंच से कही और पशुपालकों की योजनाओं से अवगत भी करवाया।

### रंग भरो प्रतियोगिता आयोजित

**कोटा,** (निसं)। हेमू कालानी जन्म दिवस पर विज्ञान नगर स्थित झूलेलाल मंदिर में पूज्य सिंधी पंचायत समिति विज्ञान नगर कोटा और विश्व सिंधी सेवा संगम कोटा चैप्टर की ओर से हेमू कॉलोनी के चित्र में रंग भरो प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें 135 ने भाग लिया। यह प्रतियोगिता, दो आयु वर्गों में हुई, प्रथम वर्ग 3 से 8 वर्ष की उम्र का और दूसरा वर्ग 9 से 12 वर्ष तक की उम्र के बच्चों का थी । 13सवश्रेष्ठ, विजेताओं को विश्व सिंधी सेवा संगम कोटा चैप्टर की ओर से ईनाम दिए गए। निर्णायक के रूप में निरंजन महबूबाणी और किशन रतनानी की सेवाएं मिली। इससे पूर्व विश्व सिंधी सेवा संगम कोटा चैप्टर के अध्यक्ष प्रेम भाटिया, उपाधक्ष रमेश आहूजा, निदेशक किशन रतनानी, निदेशक विमल परियनी, बसंत वलेचा, सिंधी पंचायत समिति विज्ञान नगर कोटा महेश रूपचंदानी, संगठन मंत्री शंकर अंबवानी और महिला समिति अध्यक्ष पायल वीरवानी, समिति के संरक्षक विनोद अजवानी और अध्यक्ष सुंदर दास दुलवानी ने दीप प्रज्ज्वलित किया। जिन विजेताओं को पुरुस्कार दिये गये वो जूनियर ग्रुप प्रथम रिविका कृपलानी, द्वितीय प्रज्ञान, तृतीय खुशी देवानी तीन सांत्वना नित्या रंगवानी, लक्षिता कुकरेजा और ऋतिक कोदवानी, सीनियर ग्रुप में पहला पुरस्कार दृष्टि साहित्य, एक और प्रथम पुरस्कार दिशा चावलानी, दो द्वितीय पुरस्कार हर्षित चौथवानी और देवांश थदानी, दो तृतीय पुरस्कार भव्या छेतीजा और मुस्कान जेठमलानी और एक सांत्वना पुरस्कार राधिका जगवानी थे।

### मंत्री दिलावर के भतीजे की सड़क दुर्घटना में मौत

**कोटा,** (निसं)। राजस्थान के शिक्षा एवं पंचायत राज मंत्री मदन दिलावर के भतीजे भंवरलाल दिलावर की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। घटना बारां जिले के अरड़ांद गांव के पास हुई। भंवरलाल दिलावर बाईक से जा रहे थे तभी अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल होने के बाद उन्हें बारां अस्पताल ले जाया गया जहां ईलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। अटरू के पुलिस उपअधीक्षक पुष्पेंद्र सिंह का कहना है कि घटना के बाद बाईक को टक्कर मारने वाला अज्ञात वाहन फरार हो गया। पुलिस ने वाहन की तलाश और घटना की जांच शुरू कर दी है। पुष्पेंद्र सिंह ने बताया कि यह दुर्घटना दोपहर करीब 12 बजे नेशनल बारां-अटरू रोड़ पर अरड़ांद गांव के पास हुई है। बारां अस्पताल में पोस्टमार्टम और अन्य औपचारिकताएं पूरी करने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। परिजनों की रिपोर्ट के आधार पर पुलिस उचित कार्रवाई करेगी। मृतक भंवरलाल दिलावर, मंत्री मदन दिलावर के बड़े भाई मूलचंद दिलावर के पुत्र थे। घटना की जानकारी मिलने के बाद मंत्री मदन दिलावर तत्काल अपने गृह जिले बारां लौट गए हैं। भंवरलाल का अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव चरड़ाना में किया जाएगा।

### एलन विद्यार्थियों को शानदार सफलता

**कोटा,** (निसं)। सिल्वरजोन फाउंडेशन द्वारा आयोजित इंटरनेशनल ओलंपियाड ऑफ मैथमेटिक्स (आईओएम) द्वितीय स्तर के परिणामों में एलन प्रीनर्चर एंड करियर फाउंडेशन (पीएनसीएफ) डिविजन कोटा के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन कर अपनी शैक्षणिक श्रेष्ठता को सिद्ध किया है। इस परीक्षा में संस्था के छात्र अभिनीत सरकार ने ऑल इंडिया रैंक 1 प्राप्त कर लेवल 3 के लिए क्वालिफाई किया है। एलन वाइस प्रेसिडेंट एवं पीएनसीएफ हेड अमित गुप्ता ने बताया कि हमारे कुल 64 विद्यार्थियों ने राज्य स्तर पर तथा 38 विद्यार्थियों ने जोनल स्तर पर शीर्ष 100 स्थानों में अपना स्थान अर्जित किया है। आईओएम एक प्रतिष्ठित प्रतियोगिता है, जो गणित विषय में विद्यार्थियों की तार्किक और विश्लेषणात्मक क्षमताओं का परीक्षण करती है। इसके द्वितीय चरण परिणाम में अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी कक्षा वर्ग में शीर्ष रैंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी ही तृतीय चरण के लिए योग्य घोषित किये जाते हैं। तृतीय चरण में उच्च स्तरीय गणितीय समस्याएं होती हैं और सफल छात्र अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त करते हैं।

### राजीव दत्ता का स्वागत किया

**कोटा,** (निसं)। राजस्थान कुश्ती संघ के अध्यक्ष एवं लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला के ओएसडी राजीव दत्ता का गुमानपुरा स्थित उनके कार्यालय पर श्री बजरंग व्यायामशाला महावीर नगर प्रथम के अध्यक्ष माधाराम चौधरी व कोटा के पूर्व अंतर्राष्ट्रीय पहलवान व अंतर्राष्ट्रीय रेफरी रविंद्र कुमार सहित अन्य पहलवानो ने स्वागत सम्मान किया। अंतरराष्ट्रीय पहलवान रविन्द्र कुमार ने बताया कि इस दौरान सभी पहलवानों ने राजीव दत्ता को माला पहनाई व गुलदस्ते भेंट कर स्वागत सम्मान किया। इस मौके पर एन.आई.एस. कोच अमित यादव, चमन सिंह, राष्ट्रीय पहलवान अविनाश चौधरी, गुंजन शर्मा, नितेश चौहान, राकेश मीणा, सुरेंद्र प्रजापत, विष्णु प्रजापत, इंद्रजीत शर्मा सहित अन्य पहलवान उपस्थित रहे।

### लापता युवक का शव मिला

**कोटा,** (निसं)। दो दिन पहले लापता हुऐ युवक का शव सोमवार को दायीं मुख्य नहर में थेकड़ा के समीप मिला। नगर निगम गोताखोर विष्णु श्रृंगी ने बताया कि शनिवार को रामपुरा कोतवाली पुलिस द्वारा सुचना मिली की प्रेस क्लब के समीप तारामल आयरन वर्क्स पर काम करने वाला एक कर्मचारी नहर में गिर गया है। विष्णु श्रृंगी ने बताया कि सूचना पर गोताखोर चंगेज खान के नेतृत्व में रेस्क्यू टीम दायीं मुख्य नहर में मोटर बोट की सहायता से तलाशी अभियान चलाया गया। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत सोमवार शाम को युवक का शव दायीं मुख्य नहर थेकड़ा पुलिया के पास बरामद हुआ। मृतक के शव को पुलिस को सौंपा गया। मृतक की पहचान रामपुरा कोतवाली निवासी मोहम्मद समीर के रूप में हुई है। पुलिस ने मृतक के शव को एमबीएस अस्पताल के पोस्टमार्टम रूम में रखवा दिया।

### अनुरक्षण कार्य के चलते दो दिन छबड़ा-भुलोन के बीच रेल फाटक बंद रहेगा

**कोटा,** (निसं)। मंडल के छबड़ा गुगोर-भुलोन के मध्य किलोमीटर संख्या 127/1-2 पर स्थित मानवयुक्त समपार फाटक संख्या 72 दिनांक 25 मार्च से 27 मार्च तक अनुरक्षण कार्य हेतु बन्द रहेगा। रेल पथ का मेन्टेनेन्स कार्य ट्रेन संचालन हेतु अति आवश्यक है एवं यह समपार फाटक दिनांक 25 मार्च शाम 18.00 बजे से दिनांक 27 मार्च सुबह 08.00 बजे दो दिनों तक सड़क यातायात के लिए बंद रहेगा। इस गेट से निकलने वाले बड़े यातायात वाहन समपार फाटक संख्या 71 एवं चचोडा पुलिया संख्या 112 से गुजरेंगें। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ जैन ने बताया कि आमजनमानस को होने वाली असुविधा के लिए खेद है लेकिन रेलपथ का अनुरक्षण कार्य किया जाना आवश्यक है।

### अनाधिकृत यात्रियों पर रेलवे ने कार्यवाही की

**कोटा,** (निसं)। मंडल में रेल मदद पोर्टल 139 पर प्राप्त शिकायतों का तत्परता से निराकरण चौबीस घंटे किया जा रहा है। जिसके लिए कोटा नियंत्रण कार्यालय में वार रूम में विभिन्न विभागों की टीम लगातार कार्यरत है। इसी कड़ी में रेल मदद पर रविवार गाड़ी संख्या 12956 जयपुर-मुम्बई सेन्ट्रल सुपरफास्ट के विकलांग कोच में अनाधिकृत रूप से कई यात्रियों के यात्रा करने की सूचना मिली।

# 'भाजपा सरकार टारगेट बनाकर चुने हुए जनप्रतिनिधियों को हटा रही है'

- 'भाजपा सरकार जनमत एवं लोकतंत्र की हत्या कर रही है'
- 'भाजपा सरकार हाईकोर्ट के आदेशों की अवेहलना कर गुमराह कर रही है'

**कोटा,** (निसं)। भाजपा सरकार के इशारे पर कांग्रेस के चुने हुए जनप्रतिनिधियों को टारगेट बनाकर हटाने का आरोप लगाते हुए सोमवार को शहर एवं देहात जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से जिले के कार्यकर्ता नयापुरा सर्किट हाऊस के बाहर से एकत्रित होकर रवाना हुए। कलेक्टरी चौराहे पर शहर एवं देहात अध्यक्ष रविन्द्र त्यागी भानू प्रताप सिंह तथा लाडपुरा प्रधान रहे नईमुद्दीन गुड्डू सहित कांग्रेसजनों ने संविधान निर्माता भीमराव अम्बेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण कर जिला कलेक्टर कार्यालय के बाहर भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी की गई।

सरकार के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर के पुतले का दहन कर नारेबाजी की तथा सरकार को जमकर कोसा। इसके बाद कांग्रेसजनों के साथ लाडपुरा पंचायत समिति में लाडपुरा प्रधान रहे नईमुद्दीन गुड्डू हाईकोर्ट से बहाल हुए अपना पदभार ग्रहण करने जा रहे थे। गेट के बाहर रोक दिया गया सीईओ द्वारा यह कहा गया सरकार को पदभार ग्रहण करने के लिए कागज भेजा है वहां से जो भी सरकार हाईकोर्ट के आदेश पर अपना जवाब भेजेगी उसके आधार पर नियमानुसार कार्यवाही की जावेंगी और आपको अवगत करा दिया जायेगा।

इस मौके पर पूर्व मंत्री रहे भरत सिंह ने आरोप लगाया कि में लाडपुरा पंचायत में अंदर गया वही पर पुलिस ने अंदर रोके रखा था बाद में मुझे छोड़ा इससे सरकार की कमजोरी, हिटलरशाही जाहिर होती है।



कोटा में कांग्रेस के द्वारा प्रदर्शन किया गया।

इस मौके पर शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष रविन्द्र त्यागी ने कहा कि भाजपा सरकार जनमत एवं लोकतंत्र की हत्या कर रही है हाईकोर्ट के निर्णय को दर किनार कर रही है। देहात कांग्रेस अध्यक्ष भानुप्रताप सिंह ने भाजपा सरकार खुलेआम लोकतंत्र की हत्या कर रही है। चुने हुए जनप्रतिनिधियों को अलोकतांत्रिक तरीके से हटा रही है। लाड़पुरा प्रधान रहे नईमुद्दीन गुडू ने कहा कि भाजपा सरकार हाईकोर्ट के आदेशों की अवहेलना कर रही है कोर्ट के आदेशों को नही माना जा रहा। चुने हुए जनप्रतिनिधियों का अपमान किया जा रहा है। जनता के हितों के लिए संघर्ष करते रहेंगे। प्रदर्शन में मुख्यरूप से के.पाटन विधायक सीएल प्रेमी, पूर्व महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राखी गौतम, उपमहापौर पवन मीणा, महासचिव डॉ विजय सोनी, रामेश्वर सुवालका, हिमांशु शर्मा, महामंत्री विपिन बरथूनीया, पूर्व चेयरमैन आइना महक, अजय गुप्ता, हंसराज गोस्वामी, मंजू चौधरी, अब्दुल हमीद गोड़, सरपंच मोइनुद्दीन, विजय गुप्ता, ब्लॉक अध्यक्ष शकील मिर्जा ब्लॉक अध्यक्ष अनिरुद्ध मीणा पूर्व अप जिला प्रमुख मनोज शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष गोविंद भड़क, पूर्व उप-प्रधान गजराज सिंह, सरपंच मोईनुद्दीन, पीसीसी सचिव मंजूर तंवर आदि मौजूद थे।

**पूर्व विधायक भरत सिंह ने लगाया कमरे में बंद करने का आरोपः-** पूर्व मंत्री भारत सिंह ने कौन है प्रदर्शन के दौरान बीडीओ कार्यालय में बंद करने का आरोप लगाया है। भारत सिंह ने कहा कि वे प्रदर्शन में शामिल होने के लिए लाड़पुरा पंचायत समिति कार्यालय पहुंचे थे। इस दौरान वे बीडीओ कर्यालय में बैठे हुए थे तो उन्हें प्रदर्शन में शामिल होने के लिए बाहर नहीं जाने दिया गया।

10-15 मिनट तक उन्हें बीडीओ कार्यालय में बंद रखा गया। उन्होंने कहा कि कोटा जिले की लाड़पुरा पंचायत समिति में बीडीओ व कार्यालय में पुलिसकर्मी द्वारा गुंडागर्दी करते हुए जिस प्रकार कार्यालय में बंद किया, सरकार के लिए से शर्मनाक बात नहीं हो सकती। सरकार उच्च न्यायालय का भी आदेश नहीं मान रही है। पूरे राज्य में जंगल राज हो गया है। भाजपा सरकार पंचायत राज मंत्री मदन दिलावर ने हमेशा ही गुंडागर्दी की है।

# जेके फैक्ट्री के मजदूरों का धरना जारी

**कोटा,** (निसं)। बकाया वेतन का भुगतान करने ओर फैक्ट्री को चालू कराने कि मांग को लेकर 35वें दिन भी श्रमिकों का धरना जारी रहा। जेके फैक्ट्री के श्रमिक 18 फरवरी से कोटा कलेक्ट्रेट के सामने सरकार से वर्ष 2023 मे सुप्रीम कोर्ट द्वारा मजदूरों के पक्ष मे दिए फैसले के आदेश को लागू कराने कि मांग को लेकर धरने पर बैठने को मजबूर है। लेकिन 35 दिन बीत जाने के बाद भी मजदूर की आवाज कोई नहीं सुन रहा। मजदूर नेताओं ने कहा कि सभी मजदूरों को एकजुट होकर धरने को लगातार मजबूत करते रहना है निश्चिय ही धरने की जीत होंगी।


**खोया पाया**

भगवती खंडेलवाल पत्नी श्री अनिल शर्मा 2-G-9 महावीर नगर तृतीय कोटा का नियमितीकरण, निरस्तीकरण व अदेय प्रमाण पत्र गुम हो गया है, किसी को मिलने पर सूचित करें।

**कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**

क्रमांक:-एफ11 विक्रय/2025/1280 दिनांक:-24.3.25

**नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना**

नगर विकास न्यास कोटा द्वारा आवास संख्या 743 कार्नर विवेकानन्द नगर आवासीय योजना में हस्तान्तरण पत्र क्रमांक 811 दिनांक 19.03.2012 को श्री संजय कुमार पुत्र श्री रामचन्द्र जांगिड़ के नाम हस्तान्तरण किया गया था। श्री संजय कुमार पुत्र श्री रामचन्द्र जांगिड़ द्वारा उक्त आवास का जर्ये मुख्तारआम श्री भैरुलाल राठौर पुत्र श्री जगन्नाथ राठौर द्वारा जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 16.06.2015 को श्री तुलसीराम नागर पुत्र श्री कन्हैयालाल को विक्रय कर दिया गया है। अतः श्री तुलसीराम नागर पुत्र श्री कन्हैयालाल द्वारा उक्त आवास का स्वामित्व अपने नाम से नामहस्तान्तरण करने हेतु न्यास में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त आवास संख्या 743 कार्नर विवेकानन्द नगर आवासीय योजना का नाम हस्तान्तरण श्री तुलसीराम नागर पुत्र श्री कन्हैयालाल के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण कोटा

**कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**

क्रमांक:-एफ11 विक्रय/2025/1283 दिनांक:-24.3.25

**नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना**

नगर विकास न्यास कोटा द्वारा भूखंड संख्या 47 कार्नर श्रीनाथपुरम-ए व्यावसायिक योजना में आवंटन पत्र क्रमांक 474 दिनांक 09.01.2023 को श्री विरेन्द्र कुमार गुप्ता पुत्र श्री बद्री प्रसाद गुप्ता के नाम आवंटन किया गया था। श्री विरेन्द्र कुमार गुप्ता पुत्र श्री बद्री प्रसाद गुप्ता द्वारा उक्त भूखंड का जर्ये मुख्तारआम श्री मुकेश योगी पुत्र श्री रामगोपाल योगी द्वारा जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 20.09.2024 को श्री विकास अग्रवाल पुत्र श्री श्याम सुंदर अग्रवाल एवं श्री पंकज अग्रवाल पुत्र श्री श्याम सुंदर अग्रवाल को विक्रय कर दिया गया है। अतः श्री विकास अग्रवाल पुत्र श्री श्याम सुंदर अग्रवाल एवं श्री पंकज अग्रवाल पुत्र श्री श्याम सुंदर अग्रवाल द्वारा उक्त भूखंड का स्वामित्व अपने नाम से नामहस्तान्तरण करने हेतु न्यास में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त भूखंड संख्या 47 कार्नर श्रीनाथपुरम-ए व्यावसायिक योजना का नाम हस्तान्तरण श्री विकास अग्रवाल पुत्र श्री श्याम सुंदर अग्रवाल एवं श्री पंकज अग्रवाल पुत्र श्री श्याम सुंदर अग्रवाल के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण कोटा

**कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**

क्रमांक:-एफ11 विक्रय/2025/1282 दिनांक:-24.3.25

**नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना**

नगर विकास न्यास कोटा द्वारा भूखंड संख्या एएच-211 आनन्दपुरा आवासीय योजना में आवंटन पत्र क्रमांक 41 दिनांक 22.07.1992 को श्री शीतल दास पुत्र श्री देवन दास के नाम आवंटन किया गया था। श्री शीतल दास पुत्र श्री देवन दास द्वारा उक्त भूखंड का जर्ये मुख्तारआम श्री ओम प्रकाश गोयल पुत्र श्री प्रभुलाल गोयल द्वारा जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 06.06.2018 को श्री बृजेश कुमार शर्मा पुत्र श्री रामकिशन शर्मा को विक्रय कर दिया गया है। अतः श्री बृजेश कुमार शर्मा पुत्र श्री रामकिशन शर्मा द्वारा उक्त भूखंड का स्वामित्व अपने नाम से नामहस्तान्तरण करने हेतु न्यास में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त भूखंड संख्या एएच-211 आनन्दपुरा आवासीय योजना का नाम हस्तान्तरण श्री बृजेश कुमार शर्मा पुत्र श्री रामकिशन शर्मा के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण कोटा

**कार्यालय कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**

क्रमांक:-एफ-15/कृ.भू.रू./2025/3781 **विज्ञप्ति** दिनांक:-21.3.2025

सर्व साधारण को जर्ये विज्ञप्ति सूचित किया जाता है कि ग्राम रामपुरा में स्थित कृषि भूमि योजना केसर बाग भूखंड संख्या 120 खसरा नं. 615 आवेदक/आवेदिका श्री बशीरुद्दीन पुत्र स्व. श्री युसुफ अली निवासी 1 खुशबु किराना के सामने आदर्श नगर साजीदेहडा कोटा राज. द्वारा ऑनलाईन नाम हस्तान्तरण हेतु प्राधिकरण कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त भूखंड का पट्टा क्रमांक 546 दिनांक 21.12.2015 को श्री मुकुट बिहारी नागर पुत्र श्री मथुरा लाल के पक्ष में जारी किया गया था। पट्टाधारी द्वारा उक्त भूखंड का बैचान जर्ये रजि. विक्रय पत्र दिनांक 15.07.2022 को जर्ये मुख्तारआम अब्दुल फरीद पुत्र श्री अब्दुल रशीद द्वारा आवेदक के पक्ष में किया गया है।

अतः श्री बशीरुद्दीन पुत्र स्व. श्री युसुफ अली के पक्ष में नाम हस्तान्तरण जारी किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अन्दर 7 योम कार्यालय में उपस्थित होकर अथवा लिखित में अद्योहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत करें। मियाद गुजर जाने के बाद आपत्ति मान्य नही होगी।

उपसचिव कोटा विकास प्राधिकरण

**कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**

क्रमांक:-65 **नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना** दिनांक:-24.3.25

नगर विकास न्यास कोटा की विनोबा भावे नगर योजना के भूखंड/आवास संख्या 334 कार्नर का आवंटन/हस्तान्तरण/रजि. न्यास के पत्र दिनांक 28.12.2022 को श्री महावीर प्रसाद सिंघल पुत्र श्री राम कुमार सिंघल को किया गया था। आवंटी द्वारा उक्त भूखंड/आवास का जर्ये मुख्तारआम श्री हरीश सुवालका पुत्र श्री प्रदीप कुमार द्वारा जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 25.02.2025 को श्रीमती मोहिनी पत्नी श्री धन्नालाल को विक्रय कर दिया गया है। क्रेता द्वारा उक्त भूखंड/आवास का अपने नामहस्तान्तरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त भूखण्ड/आवास संख्या 334 कार्नर योजना विनोबा भावे नगर का नाम हस्तान्तरण श्रीमती मोहिनी पत्नी श्री धन्नालाल के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

**कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**

क्रमांक:-एफ11 विक्रय/2025/1276 दिनांक:-24.03.2025

**नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना**

नगर विकास न्यास कोटा द्वारा आवास संख्या 1257 बसंत विहार केशवपुरा-9 आवासीय योजना में आवंटन पत्र क्रमांक 504 दिनांक 24.11.1984 को श्री कैलाश नारायण जैन पुत्र श्री लक्ष्मी चंद जैन के नाम आवंटन किया गया था। श्री कैलाश नारायण जैन पुत्र श्री लक्ष्मी चंद जैन द्वारा उक्त आवास का जर्ये मुख्तारआम श्री रमेश प्रसाद सिंह पुत्र श्री जगमोहन प्रसाद सिंह द्वारा जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 05.09.2024 को श्रीमती सुरभि जैन पत्नी श्री रवि कुमार जैन को विक्रय कर दिया गया है। अतः श्रीमती सुरभि जैन पत्नी श्री रवि कुमार जैन द्वारा उक्त भूखंड का स्वामित्व अपने नाम से नामहस्तान्तरण करने हेतु न्यास में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त आवास संख्या 1257 बसंत विहार केशवपुरा-9 आवासीय योजना का नाम हस्तान्तरण श्रीमती सुरभि जैन पत्नी श्री रवि कुमार जैन के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण कोटा

**कार्यालय प्रमुख चिकित्सा अधिकारी एवं सदस्य सचिव आरएमआरएस, बून्दी**

क्रमांक/निविदा/2025/404 दिनांक-19.03.2025

**निविदा सूचना**

पं. बृज सुन्दर शर्मा, सामान्य चिकित्सालय बून्दी में सफाई सामग्री क्रय करने हेतु निविदा के माध्यम से मोहरबन्द लिफाफे में आमंत्रित की जाती है। निविदा का UBN NO. MHS2425GSOB05574 है। विस्तृत जानकारी Sppp.raj.nic.in तथा कार्यालय में कार्यालय समय पर देखी जा सकती है।

प्रमुख चिकित्सा अधिकारी एवं सदस्य सचिव आरएमआरएस, बून्दी

**कार्यालय नगर निगम, कोटा दक्षिण (राज.)**

क्रमांक:-ननिकोद/जोन-द्वितीय/भ.नि.अनु./2025/19411 दिनांक: 24.3.25

**स्वामित्व हस्तांतरण बाबत सार्वजनिक विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती किरण बाली पत्नी स्व. श्री गिरिजेश दत्त बाली निवासी आवास संख्या 6-सी-22 महावीर नगर तृतीय कोटा (राज.) ने नगर निगम कोटा दक्षिण में आवेदन प्रस्तुत कर आवास संख्या 6-सी-22 महावीर नगर तृतीय कोटा क्षेत्रफल 90 वर्ग मीटर का स्वामित्व स्वयं के नाम हस्तांतरण करने का निवेदन किया है। आवास संख्या 6-सी-22 महावीर नगर तृतीय कोटा की कन्वेंएन्स एवं परिपिचुअल लीज डीड पंजीयन राजस्थान आवासन मण्डल कोटा द्वारा पत्र क्रमांक उप पंजी. प्र./6574 दिनांक 28.02.1995 को श्री गिरिजेश दत्त बाली पुत्र श्री राम लाल बाली के नाम करवाया गया। श्री गिरिजेश दत्त बाली का देहावसान दिनांक 12.05.2021 को हो जाने के उपरांत श्री गिरिजेश दत्त बाली की विधिक वारिसान श्रीमती दीपिका दत्त पत्नी श्री पवन दत्त पुत्री स्व. श्री गिरिजेश दत्त बाली ने जर्ये नोटेरी मुख्तियारनामा खास दिनांक 18.12.2024 से उक्त आवास में से स्वयं के हक का मुख्तार आम श्री अनमोल बाली पुत्र स्व. श्री गिरिजेश दत्त बाली को नियुक्त कर दिया। श्री अनमोल ने बहैसियत खुद व बहैसियत मुख्तार खास श्रीमती दीपिका दत्त के उक्त आवास में से स्वयं एवं श्रीमती दीपिका दत्त का हक जर्ये रजिस्टर्ड हकत्याग पत्र दिनांक 07.02.2025 से श्रीमती किरण बाली पत्नी स्व. श्री गिरिजेश दत्त बाली के पक्ष में त्याग दिया है। आवेदिका द्वारा प्रस्तुत आवेदन अनुसार नगर निगम कोटा दक्षिण में उक्त आवास का स्वामित्व नाम हस्तान्तरण की कार्यवाही की जा रही है। उक्त आवास का स्वामित्व नाम हस्तांतरण करने में किसी व्यक्ति, संस्था या अन्य किसी को भी उक्त आवास से संबंध रखता है, को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित में उपायुक्त नगर निगम कोटा दक्षिण कार्यालय में प्रस्तुत करें। बाद मियाद आपत्ति मान्य नहीं होगी।

उपायुक्त नगर निगम कोटा दक्षिण


# एलबीएस शिक्षा समूह के 34वें स्थापना दिवस पर वार्षिकोत्सव का आयोजन

**कोटा,** (निसं)। एलबीएस ग्रुप के चेयरमेन कुलदीप माथुर ने बताया की संस्था के 34वें स्थापना दिवस के अवसर पर इस कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथि वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डॉ.कैलाश सोडाणी, रेडक्रॉस सोसायटी कोटा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कृष्ण बिरला, राजस्थान टेक्निकल यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. संतोष कुमार सिंह, कोटा जिला शिक्षा अधिकारी के.के. शर्मा के द्वारा मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने सभी को संबोधित करते हुए शिक्षा के समग्र विकास में ऐसे आयोजनों के महत्व को रेखांकित किया और संस्थान द्वारा युवाओं के विकास में किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। इन दो दिवसीय कार्यक्रम में विद्यालय एवं महाविद्यालय सहित संस्था द्वारा दिव्यांग बच्चों के लिए चलाऐ जा रहे निःशुल्क विशेष विद्यालय के सभी विद्यार्थियों ने भाग लिया। जिनमें नृत्य, नाटक और संगीत ने सभी का मन मोह लिया।



कोटा में एलबीएस का वार्षिक उत्सव संपन्न हुआ।

विद्यार्थियों द्वारा पुलिस एक्ट, जिनी एक्ट, कृष्ण लीला, शिव साधना, कृष्ण अवतार, हाडी रानी, किसान एक्ट जैसे रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम मे उपस्थित अतिथियों का संस्था के डायरेक्टर सुदर्शन माथुर द्वारा माला, साफा, मोमेंटो देकर स्वागत अभिनंदन किया। संस्था चेयरमेन कुलदीप माथुर ने सभी उपस्थित अतिथियों प्रतिभागियों और आयोजन टीम का धन्यवाद देते हुए इस कार्यक्रम को सफल बनाने में उनके योगदान की सराहना की। उन्होंने छात्रों को जीवन के हर क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया और अभिभावकों के सहयोग के लिए विशेष रूप से आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को संस्था की ओर से पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

उपरोक्त कार्यक्रम एलबीएस शिक्षा समूह के रानपुर स्थित कैम्पस में लगभग 3500 छात्र-छात्राओं एवं आमंत्रित अभिभावकगण अतिथिगण एवं विद्यालय के शिक्षकगणों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान संस्था की सचिव उर्मिला माथुर, सीईओ ओपी माथुर, योगेंद्र माथुर, उपेन्द्र माथुर, डॉ.शिल्पा माथुर, डॉ.प्रिया शुक्ला, डायरेक्टर सुदर्शन माथुर, दीपक खत्री, अनिता राय, रिषभ कुमार, आयूष टहलयानी, चेतन दूबे, हिमांशु शर्मा, दीपशिखा नामदेव, शिवानी भटनागर, सुरेन्द्र नागर, नेहा माथुर, नीतू कुमावत, जितेन्द्र शर्मा, विजेन्द्र सिंह, दीनदयाल नागर, अनिल नामदेव और अन्य सदस्य शामिल थे।

# कोटा टूरिज्म, विजिट कोटा, यादगार कोटा का विमोचन

- सेलिब्रिटी फिल्म अभिनेत्री मनारा चौपड़ा भी कार्यक्रम में हुई शामिल

**कोटा,** (निसं)। हाड़ौती में पर्यटन, उद्योग, शिक्षा, मेडिकल व प्रमुख व्यापारिक केंद्र बनाने एवं नई दिशा देने के लिए होटल फेडरेशन ऑफ़ राजस्थान कोटा डिवीजन तथा अर्बन हेराल्ड के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित भव्य कार्यक्रम में पुस्तक" कोटा टूरिज्म-विजिट कोटा-यादगार कोटा" द्वितीय संस्करण का विमोचन अतिरिक्त जिला कलेक्टर (सीलिंग) कृष्णा शुक्ला, होटल फेडरेशन ऑफ़ राजस्थान कोटा डिवीजन के अध्यक्ष अशोक माहेश्वरी, जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक हरिमोहन शर्मा, पर्यटन विभाग के उपनिदेशक विकास पांड्या, कोटा व्यापार महासंघ के अध्यक्ष क्रांति जैन, भाटिया एंड कंपनी के निदेशक प्रेम जे भाटिया, मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्रिंसिपल डॉ.विजय सरदाना, होटल फेडरेशन ऑफ राजस्थान कोटा डिवीजन के महासचिव संदीप पाडिया, कोषाध्यक्ष अंकुर गुप्ता, अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन जिला कोटा के महामंत्री व महाराजा अग्रसेन सेवा समिति सुभाषनगर अनंतपुरा के अध्यक्ष रमेशचन्द्र गोयल, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के देवेंद्र सिंह चौहान, प्रतीक गोयल सहित पर्यटन, शिक्षा उद्योग, मेडिकल से जुड़े हुए व्यवसायियों की उपस्थिति में बूंदी रोड स्थित माहेश्वरी रिसोर्ट में आयोजित भव्य कार्यक्रम में किया गया। कार्यक्रम का संयोजन ऋषभ भार्गव ने किया। कार्यक्रम में शामिल हुई सेलिब्रिटी फिल्म अभिनेत्री मनारा चौपड़ा विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। इस पुस्तक का लेखन एवं संपादन राजस्थान लेखा सेवा के सेवा निवृत अधिकारी एवं यूआईटी के पूर्व राजस्व सलाहकार परमानन्द गोयल द्वारा किया गया है। पुस्तक के द्वितीय संस्करण के विमोचन के अवसर पर गोयल द्वारा बताया गया कि पुस्तक में कई जानकारियों को अद्यतन करते हुए नवीन सामग्री का भी समावेश किया गया है।



कोटा में परमानंद गोयल द्वारा लिखित पुस्तक का विमोचन हुआ।

# भारतीय राष्ट्रीय किसान महासभा का होली मिलन समारोह सम्पन्न

**कोटा,** (निसं)। भारतीय राष्ट्रीय किसान महासभा का होली मिलन समारोह सोगरिया मे सम्पन्न हुआ इस अवसर पर किसानों एवं कार्यकर्ताओं ने भारतीय राष्ट्रीय किसान महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज दुबे का स्वागत एवं सम्मान किया गया।

इस अवसर पर भारतीय राष्ट्रीय किसान महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज दुबे ने किसानों से एकजुट होने का आव्हान करते हुए कहा की संगठित हुए बिना किसानों का भला नहीं होगा किसानों को एकजुट होकर किसान विरोधी ताकतों का जमकर मुकाबला करना होगा। देश के 62करोड़ किसानों को अपनी ताकत समझनी होंगी जिस दिन किसान एक होकर मजबूत हो गए उस दिन सरकारों को किसानों के हित मे सोचने पर मजबूर होना ही पड़ेगा।

मनोज दुबे ने कहा कि एमएसपी की कानूनी गारंटी, किसानों की सम्पूर्ण कर्जमाफी, डीएपी खाद एवं यूरिया की भारी किल्लत, किसानों को पर्याप्त मात्रा मे बिजली पानी आदी कई बड़े मुद्दे हैं। जिस पर अतिशीघ्र बड़ा आंदोलन शुरू किया जाएगा। सरसों व चने की एमएसपी पर खरीद मे देरी से किसानों को भारी नुकसान हो रहा है। मंडियो मे सरसों व चने की बम्पर आवक हो रही है। लेकिन एमएसपी पर खरीद शुरू नहीं होने के कारण किसान कम दाम पर अपनी उपज बेचने को मजबूर है।



कोटा में भारतीय राष्ट्रीय किसान महासभा का होली मिलन समारोह आयोजित हुआ है।

इस अवसर पर भारतीय राष्ट्रीय किसान महासभा की महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष मंजू चौधरी, वरिष्ठ नेता प्रमोद त्रिपाठी, सभागीय अध्यक्ष राकेश कुमावत, हमीद गौड़, अंशु तिवारी, अमित सूद, पूर्व उप सरपंच प्रीतम शर्मा, शिवचरण शर्मा, मो. रफीक मामा, तेजपाल सिंह भोला, उमा शंकर नागर, हरभजन सिंह, जावेद हुसैन, राम कैलाश मेघवाल, छोटू लाल मीणा, ओम सोनी, नरेश मेघवाल, प्रकाश चन्द्र सिंह, आरएस पांडेय, महावीर नागर, सुनील पटेल, बबलू सुमन, राजू माटोलिया, राकेश जोशी, प्रवेश वशिष्ठ, रामावतार बागड़ी, रियासत अली, कमलेश नागर, दिग्विजय सिंह, पदम सिंह, लेखराम चोबदार, राजेंद्र नागर, मनोज गौतम, सत्तार, मुकेश मीणा, चन्द्र प्रकाश नागर, इमरोज खान, भानुप्रिया, सुमन बागड़ी, सायरा, रेखा सोगरा, विमलेश चौधरी, गब्बर, कृष्ण मुरारी, चंद्रशेखर बातकी सहित सैकड़ो कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।